उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग

विज्ञापन सं0:– ए–2/ई–1/2026

1. प्रबंधक (सिस्टम) परीक्षा–2026, 2. वरिष्ठ प्रोग्रामर परीक्षा–2026, 3. प्रोग्रामर ग्रेड–2 परीक्षा–2026, 4. कप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड–बी परीक्षा–2026

संक्षिप्त विज्ञापन

1. इस परीक्षा का विस्तृत विज्ञापन दिनाक **03.08.2026** से आयोग की वेबसाइट **https://uppsc.up.nic.in** पर उपलब्ध रहेगा, जिसमें ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया, शुल्क जमा करने की प्रक्रिया, जाति प्रमाण पत्रों का प्रोफार्मा, परीक्षा–योजना एवं पाठ्यक्रम, आरक्षण एवं आयु में छूट के सम्बन्ध में निर्धारित महत्त्वपूर्ण निर्देश आदि उपलब्ध रहेंगे।

2. अभ्यर्थी विस्तृत विज्ञापन देखने के पश्चात् एवं अर्ह होने की स्थिति में ही आवेदन करें।

1. **रिक्तियों का विवरण–** वर्तमान में प्रबंधक (सिस्टम) परीक्षा–2026, वरिष्ठ प्रोग्रामर परीक्षा–2026, प्रोग्रामर ग्रेड–2 परीक्षा–2026, कप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड–बी परीक्षा–2026 के अन्तर्गत रिक्तियों की संख्या **10** है। रिक्तियों की संख्या परिस्थितियों / आवश्यकतानुसार घट / बढ़ सकती है।

2. **शैक्षिक अर्हता–** जैसा कि विस्तृत विज्ञापन के बिन्दु–8 ''शैक्षिक अर्हता'' में दिया गया है।

3. **आयु सीमा–** चयन हेतु अभ्यर्थियों को 01 जुलाई 2026 को 21 वर्ष की आयु अवश्य पूरी करनी चाहिए और उन्हें 40 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए अर्थात उनका जन्म 02 जुलाई, 1986 से पूर्व तथा 01 जुलाई, 2005 के बाद का नहीं होना चाहिए। इसी प्रकार **दिव्यागजन** हेतु अधिकतम आयु 55 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए अर्थात् उनका जन्म 02 जुलाई, 1971 के पूर्व का नहीं होना चाहिए। उ0प्र0 के विभिन्न श्रेणियों के अभ्यर्थियों, जिनका विवरण विस्तृत विज्ञापन के बिन्दु–5 व बिन्दु–9 में दिया गया है, के लिए नियमानुसार आरक्षण / अधिकतम आयु सीमा में शिथिलन अनुमन्य होगा।

4. **ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि– 03.08.2026**
5. **ऑनलाइन परीक्षा शुल्क बैंक में जमा करने एवं ऑनलाइन आवेदन स्वीकार (Submit) किये जाने की अन्तिम तिथि– 03.09.2026**
6. **ऑनलाइन प्रस्तुत आवेदन में सुधार / संशोधन और शुल्क समाधान (Fee Reconciliation) की अन्तिम तिथि– 10.09.2026**

दिनांक: प्रयागराज, 01.08.2026 सचिव